2023|249

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट	बनाम	अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट
सुश्री सपना निवासी कलापुरा रोड नं. 01 शिवगंज जिला सिरोही।		सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही

किस्म मुकदमा— **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 58 वर्ष 2023

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
30.10.2023	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरुद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई । अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही को दिनांक 06.09.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि कुन्दन नगर शिवगंज में पट्टा संख्या 71/88 पत्रावली संख्या 77/88, प्लॉट संख्या 91 दिनांक 28.07.1988 भूखण्ड अधिकारी द्वारा जारी पट्टा मय नक्शे की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10 जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही को दिनांक 06.09.2023, को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि कुन्दन नगर शिवगंज में पट्टा संख्या 71/88, पत्रावली संख्या 77/88, प्लॉट संख्या 91 दिनांक 28.07.1988 भूखण्ड अधिकारी द्वारा जारी पट्टा मय नक्शे की प्रमाणित प्रति से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे, परन्तु सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही द्वारा निर्धारित समयावधि में चाही गई सूचना अपीलांट को उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिरोही को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार उपलब्ध करावें। यदि सूचना देना नियमों में संभव नही हो तो स्पेसीफिक आदेश पारित कर अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (डॉ. भँवर लाल) जिला कलक्टर, सिरोही	

Scanned with CamScanner